# तार समाचार

जुलाई 2022 – जनवरी 2023









# प्रबंध निदेशक की कलम से

प्रिय साथियों,

आई.एस.डब्ल्यू.पी कर्मचारियों एवं उनके परिवार को मेरी तरफ से नव वर्ष की शुभकामनायें ।

मुझे अपार हर्ष हो रहा है कि, मुझे इस उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम से जुड़ने का अवसर मिला है ।

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल ने पिछले कुछ वर्षो में व्यवसाय के सभी क्षेत्रों में प्रगति के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उत्पाद ,उत्पादकता, उत्पादों की गुणवत्ता सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों की जागरूकता में भी निरन्तर वृद्धि हुई है। सी.एस.आर के क्षेत्रों में भी कंपनी ने अपनी अलग पहचान बनायीं है।

जैसा आप सभी जानते है, रॉड मिल का विस्तार पूरा हो गया है और पूरी टीम मिल कर उसे स्थिर करने पर ध्यान दे रही है। आशा है कि हम ए.बी.पी लक्ष्यों के अनुसार वांछित उत्पादन स्तर का उत्पादन करेंगे।

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल ने टाटा समूह स्तर के टी.बी.ई.एम असेसमेंट 2022 में भाग लिया और मैं उन सभी को दिल से बधाई देता हूँ , जो इस मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा रहे हैं। इस वर्ष हमारी कंपनी को टी.बी.ई.एम में 601 स्कोर प्राप्त हुआ जो की (Emerging Industry Leader) बैंड में है, और यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इसी प्रकार सी.एस.आर के क्षेत्र में भी आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल ने पोटका मॉडल के अनुसार पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी के.जी.बी.वी का अधिग्रहण किया ।आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल, टाटा समूह की कंपनियों के सहयोग से विभिन्न के.जी.बी.वी स्कूल में विभिन्न सी.एस.आर गतिविधियां संचालित कर रही है। इस उपलब्धि के लिए सी.एस.आर टीम को मेरी हार्दिक बधाई।

सुरक्षा के क्षेत्र में हम सभी मिलकर बहुआयामी कार्य कर रहे हैं परन्तु हमारे प्रदर्शन को हमे सुधारने की बहुत –बहुत जरुरत हैं ।इसमें सभी सहभागियों को तत्परता से जिम्मेवारी लेने की आवश्यकता हैं ।

हम सभी को संगठन के भीतर सुरक्षा संस्कृति एवं सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। कार्यस्थल पर कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हमने विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर सी.सी.टी.वी कैमरे लगाए हैं ।

आप सभी को ज्ञात होगा की आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल के प्लांट क्षेत्र में मोबाइल फोन का उपयोग निषेध है। कई क्षेत्रों में कार्य के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग से गंभीर दुर्धटनाएँ हुई है ।इसलिए ऐसी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मैं सभी कर्मचारियों से इन दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने का अनुरोध करता हूँ ।

निरंतर बदलते दौर में व्यवसाय को बनाए रखने के लिए स्वस्थ, स्वास्थ्य, सुरक्षित कामकाजी परिवेश और स्वच्छ कार्यस्थल अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है ।संगठन में किसी नई पहल, योजनाए, उपलब्धियों में यूनियन की समान भागीदारी होती है, और हमारी कंपनी में संगठन एवं यूनियन का पारस्परिक सम्बन्ध अत्यंत मजबूत है । मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर भविष्य में आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करेंगे।




शुभेच्छाओं के साथ

अभिजीत ए ननोटी

प्रबंध निदेशक

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल

## स्वतंत्रता दिवस



प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी आई.एस.डब्ल्यू.पी एवं जेम्को परिसर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे कंपनी के प्रबंध निदेशक ने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्वक आरोहण किया एवं इसमें उच्च अधिकारीयों संग यूनियन के ऑफिस बिअरर्स उपस्थित थे।



## गणतंत्र दिवस



26 जनवरी 2023 को आई. एस. डब्ल्यू. पी. एल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिसमें हमारे कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अभिजीत ए ननोटी ने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्वक आरोहण किया एवं इसमें उच्च अधिकारीयों संग यूनियन के ऑफिस बिअरर्स उपस्थित थे।



## नव वर्ष में केक कटिंग

2 जनवरी 2023 नव वर्ष के मौके पर आई.एस.डब्ल्यू.पी और जेम्को परिसर में पारंपरिक केक कटिंग समा. रोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन आई.एस.डब्ल्यू.पी वर्कर्स लॉन व जेम्को जनरल ऑफस लॉन में किया गया। इस मौके पर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत, यूनियन के प्रेसीडेंट श्री राकेश्वर पांडेय, वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### आई.एस.डब्ल्यू.पी वर्कर्स लॉन



### जेम्को जनरल ऑफिस लॉन



## रक्तदान शिविर

दिनांक 23 नवंबर 2022 को आई. एस.डब्ल्यू.पी.एल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 91 यूनिट रक्त एकत्रित हुए।

मनुष्यों में रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है।



# आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल के सुरक्षा विभाग द्वारा 'वर्किंग एट हाइट' पर अभियान

जुलाई माह में आई एस.डब्ल्यू.पी.एल के सुरक्षा विभाग द्वारा ऊंचाई में काम करने वाले कर्मचरियों एवं कांट्रेक्टर कर्मचरियों के लिए 'वर्किंग एट हाइट' पर अभियान किया गया। अभियान में ऑन जॉब ट्रेनिंग, ऊंचाई और बचाव पर काम करने पर डेमो, फुल बॉडी हार्नेस/लाइफलाइन का निरीक्षण सम्बंधित विषयों से अवगत कराया गया।

## 1 ऑन जॉब ट्रेनींग

अभियान में 'कर्मचारियों एवं वेंडरों को ऑन जॉब ट्रेनिंग दी गई जिसमें 326 कर्मचरियों एवं 16 वेंडरों को शामिल किया गया था।





## 2 डेमो ऑन वर्किंग एट हाइट एन्ड रेस्क्यू

आर.एम फर्नेस प्रोजेक्ट एरिया में ऊंचाई पर कार्य करने वाले सभी व्यक्ति को उससे सम्बंधित सावधानियों एवं बचाव सम्बंधित जानकारियों से अवगत कराया गया ।







## 3 इंस्पेक्शन ऑफ फुल बॉडी हार्नेस/ लाइफलाइन्स

टी.एस.एल मानक के अनुसार चेकलिस्ट आधारित निरीक्षण किया गया।

20 व्यक्तियों की फुल बॉडी हार्नेस की जाँच की गई एवं 7 व्यक्तियों के हार्नेस को खराब स्टैंडर्ड एवं स्थिति के कारण अस्वीकृत किया गया ।





# आई एस.डब्ल्यू.पी.एल में ''सड़क सुरक्षा सप्ताह'' मनाया गया

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में 11.1.2023 से 17.1.2023 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस उत्सव का उद्देश्य सड़क सुरक्षा पर लोगों में जागरूकता पैदा करना था और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था।

इस बार सड़क सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य में निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया:

1. सड़क सुरक्षा शपथ समारोह।
2. सड़क सुरक्षा पर सभी कर्मचारियों और विक्रेता कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र।
3. स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता ।
4. क्विज व स्लोगन प्रतियोगिता।
5. वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर।



## आई.एस.डब्ल्यू.पी को एनर्जी ऑडिट रिपोर्ट अवार्ड का गौरवपूर्ण सम्मान



## आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल को एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम का प्रमाणीकरण

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल को ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के प्रमाणन के लिए थर्ड पार्टी IR-CASS के मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा मूल्यांकन किया गया। मानक का उद्देश्य संगठनों को उनके ऊर्जा दक्षता, ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा खपत लगातार कम करने में मदद करना है। यह मानकीकरण अंतरराष्ट्रीय संगठन से सम्बंधित है । कंपनी में ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन सफलता पूर्वक संपन्न होने के फलस्वरूप हमें ISO 50001: 2018 प्रमाणीकरण प्रदान किया गया।





# हमारे लोग - हमारे गर्व

## विभिन्न गतिविधि एवं एम्प्लोयी इंगेजमेंट प्रोग्राम द्वारा व्यक्तिगत और प्रोफेशनल संवृद्धि में सुधार

### स्टार ऑफिसर ऑफ द मंथ

**जुलाई से सितम्बर**


श्री संतन कुमार
मैनेजर –
वेल्डिंग बिजनेस


श्री अमरवीर सिंह
सीनियर मैनेजर
–आई.टी


श्रीमती स्नेहा सिंह
असिस्टेंस मैनेजर
– नेल बिजनेस

**अक्टुबर से दिसम्बर**


श्री सांतनु घोष
डिप्टी मैनेजर
– आई.टी


श्री अश्विनी कुमार श्रीवास्तव
सीनियर मैनेजर
(रोल्स एन्ड कास्टिंग)


श्री के.भी.एन राव
(डिप्टी मैनेजर
–रॉड मिल)

# टॉप रेकोर्स

### आफिसर वर्ग

**जुलाई से सितम्बर**


श्री संतन कुमार
मैनेजर –
वेल्डिंग बिजनेस


श्री अमरवीर सिंह
सीनियर मैनेजर
–आई.टी


श्रीमती स्नेहा सिंह
असिस्टेंस मैनेजर
– नेल बिजनेस

**अक्टुबर से दिसम्बर**


श्री सांतनु घोष
डिप्टी मैनेजर
– आई.टी


श्री अश्विनी कुमार श्रीवास्तव
सीनियर मैनेजर
(रोल्स एन्ड कास्टिंग)



श्री के.भी.एन राव
(डिप्टी मैनेजर
–रॉड मिल)

### आफिसर वर्ग

**जुलाई से सितम्बर**


श्री संतान कुमार
मैनेजर – वेल्डिंग बिजनेस


श्री अमरवीर सिंह
सीनियर मैनेजर
–आई.टी


श्रीमती स्नेहा सिंह
असिस्टेंस मैनेजर
– नेल बिजनेस

**अक्टुबर से दिसम्बर**


श्री सांतनु घोष
डिप्टी मैनेजर
– आई.टी


श्री अश्विनी कुमार श्रीवास्तव
सीनियर मैनेजर
(रोल्स एन्ड कास्टिंग)


श्री के.भी.एन राव
(डिप्टी मैनेजर
–रॉड मिल)

# टॉप सजेस्टर


श्री अभिषेक कुमार सिंह


श्री अमरेंद्र कुमार सिंह


श्री सुभ्रो बोस


श्री अमरेंद्र कुमार सिंह


श्री पी. महर्षि रेड्डी


श्री सौमेंदु राय


श्री अमर ज्योति सिंह


श्री बालाबोमा शेखर


श्री रविकांत कुमार रंजन


श्री तारिक अनवर


श्री अभिषेक कुमार सिंह

## गुणवत्ता एवं इनोवेशन माह

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में इस वर्ष क्वालिटी माह एवं इनोवेशन माह नवंबर महीने मे एक साथ मनाया गया। आई.एस.डब्ल्यू.पी.एलकंपनी परिसर में क्वालिटी माह एवं इनोवेशन माह के उपलक्ष्य में क्वालिटी शपथ एवं बैलून रिलीसिंग का आयोजन किया गया जिसमे प्रबंध निदेशक, यूनियन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारियों, EPA के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

क्वालिटी माह के उपलक्ष्य में निम्न गतिविधियों का आयोजन किया :

- क्विज कम्पटीशन
- स्लोगन

इनोवेशन माह के उपलक्ष्य में उपलक्ष्य में निम्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- पोस्टर प्रतियोगिता– वी–कनेक्ट के माध्यम से कर्मचारी वार्ड, कर्मचारियों के परिवार द्वारा इनोवेटिव प्रोजेक्ट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- कर्मचारी वार्ड के लिए पोस्टर प्रतियोगिता किया गया।
- कर्मचारी परिवार के सदस्यों द्वारा इनोवेटिव प्रोजेक्ट एक्सिबिशन किया गया।
- ज्ञानोदय नोबल अकाडमी के छात्रों के लिए में ड्राइंग इवेंट आयोजित किया गया।

**इनोवेटिव प्रोजेक्ट एक्सिबिशन**



**बैलून रिलीसिंग**



**क्वॉलिटी माह**




**क्वालिटी क्विज कम्पटीशन**





**ड्राइंग इवेंट**






## सजेसन मेला

ISWPL में सभी EPA सहित पूरे संगठन (कर्मचारी, एवं ठेकेदार) में 'सुझाव मेला' आयोजित किया गया था। यह सभी कर्मचारियों और ठेकेदार कर्मचारियों और ईपीए के लिए आयोजित किया गया था। इस सुझाव मेले में 956 सुझाव प्राप्त हुए।






## वी कनेक्ट

एच.आर विभाग की पहल, वी कनेक्ट ऐसा माध्यम है जिसमें कर्मचारियों एवं कर्मचारी वार्ड के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है ।

### ग्लैम इट अप:

जुलाई माह में आयोजित ग्लैम इट अप गतिविधि के अनुसार कर्मचारियों को उनके सबसे अच्छी फोटो को वी कनेक्ट के माध्यम से साँझा करनी थी । सुजाता मित्रा, आ. रती कुमारी, पिंकी कुमारी, सुलेखा रानी, श्रीदेवी राव द्वारा साँझा की गई फोटो को टॉप 5 में चयनित किया गया ।






### क्रिसमस एन्ड नई ईयर डेकॉर एट ऑफिस एन्ड होम :

क्रिसमस एवं नव वर्ष के उपलक्ष्य में होम डेकोर प्रतियोगता का आयोजन किया गया।जिसमे कर्मचारियों ने हिस्सा लेते हुए अपने घर की सजावट की फोटो के माध्यम से साँझा किया। इसके विजेताओं के रुप में बिजॉय लक्ष्मी पटनायक, सुलेखा रानी, देवाशीष घोषित किए गए । इन विजेताओं को विशेष रेकोस से पुरस्कृत किया गया।






### हर घर तिरंगा

75 स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा आयोजित शहर घर तिरंगा। अभियान में आई. एस. डब्ल्यू. पी. एल के कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपने घर में राष्ट्रीय झंडा फहरा कर इस अभियान को सफल बनाया। वी कनेक्ट में आयोजित हर घर तिरंगा। गतिविधि में कर्मचारियों ने अपनी तस्वीर तिरंगे के साथ वी कनेक्ट पर अपलोड किया एवं भाग लेने वाले सभी कर्मचारियों को रेको पॉइंटस दिए गए।





### फेस्टिव क्लिक

अक्टूबर से नवंबर माह में फेस्टिव क्लिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कर्मचारियों द्वारा साँझा की गई फोटो में से टॉप 3 में श्री सतवंत सिंह, सुश्री खुशबू बारला, सुश्री काबेरी सरकार रहे ।




### चिल्ड्रेन अचीवमेंट:



कर्मचारियों एवं उनके वार्ड की उपलब्धि के लिए बधाई

# उड़ान गतिविधि

## चौपाल सेशन

उड़ान गतिविधि के तहत इस वित्तीय वर्ष के द्वितीय त्रैमासिक में चौपाल सेशन का आयोजन आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल ऑडिटोरियम में किया गया।

चौपाल सेशन का उद्देश्य हमारे महिला कर्मचारियों की बीच आपसी संपर्क को सुदृढ़ करना था। सेशन के दौरान चयनित सदस्यों को अपने कार्यभार संबधित अनुभूति साँझा करने का अवसर दिया जाता है। जिससे बाकियों को उनके कार्य संबंधित जानकारियाँ, चुनौतीयों के बारे में ज्ञांत करवाया जाता है।











# स्पोर्ट्स

## इंटर डिविजन लागोरी चौंपियनशिपः







टाटा स्टील के खेल विभाग द्वारा विभिन्न डिवीजन और ग्रुप कंपनी के टीमों के लिए को जे.आर.डी टाटा काम्प्लेक्स में आयोजित 'इंटर डिविजन लागोरी चौंपियनशिप' में आई. एस. डब्ल्यू. पी. एल की महिला टीम ने भाग लिया। टीम में निरोशा कुमारी, कबितामहतो, नाजनीनपटेल, विजयालक्ष्मी, आरतीशर्मा, सोनी गुप्ता, सादिया बानो, सुजीता शरण और सलमा ने टीम का प्रतिनिधितव किया एवं अच्छे प्रदर्शन के साथ प्रथम रनर का खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में आई.एस. डब्ल्यू.पी.एल की एच.आर हेड श्रीमती शिल्पी शिवांगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही एवं उनके द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## इंटर डिविजनल वाटर पोलो प्रतियोगिताः



टाटा स्टील खेल विभाग द्वारा को जे.आर.डी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में विभीन्न डिवीजन और ग्रुप कंपनी की टीमों के लिए "इंटर डिविजनल वाटर पोलो प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में आई.एस.डब्ल्यू.पी एल की महिला टीम ने भाग लिया।

टीम में कबिता महतो, विजया लक्ष्मी, निरोशा कुमारी, महामाया दत्ता, सोनी गुप्ता, साजिआ बानो,आरती शर्मा और सुजीता शरण ने खेल का प्रतिनिधितव किया।



## स्पोर्ट्स क्विज




जे.आर.डी.टाटा के जन्म जयंती सप्ताह में कंपनी के ऑडिटोरियम में इंटर विभागीय क्विज आयोजित किया गया ।इस प्रतियोगिता में रॉड मिल, वायर मिल, जेम्को व जनरल सर्विसेज की टीमों ने भाग लिया ।इस क्विज में वायर मिल की टीम 35 अंको के साथ विजेता बनी वही जेम्को की टीम 30 अंको के साथ उप विजेता रही। जबकि जनरल सर्विसेज की टीम 20 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही।क्विज का संचालन टाटा स्टील खेल विभाग के प्रबंधक श्री दिनेश रक्षित ने किया ।



## चेस प्रतियोगिता

दोराबजी टाटा जयंती के अवसर पर इंडिविजुअल चेस प्रतियोगिता आयोजित की गयी।इस प्रतियोगिता में कुल 20 पुरुष व महिला प्रतिभागियों ने शिरकत की, पुरुषो के इस मुकाबले में प्रथम स्थान शेयर्ड सर्विसेज के वरुण शर्मा, द्वितीय स्थान महर्षि रेड्डी तथा संतोष पांडेय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ जबकि विनोद कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। महिलाओ के मुकाबलों में सोनी गुप्ता प्रथम, द्वितीय स्थान कबिता महतो तथा तीसरा स्थान साजिआ बनो को मिला।पुरस्कार वितरण कंपनी के उपाध्यक्ष श्री विजयंत कुमार के द्वारा किया गया उन्होंने प्रतिभागियों को सम्बोधन में इस महान विभूति से प्रेरणा लेने को कहा।




## इंटर डिविजनल टेबुल टेनिस प्रतियोगिता

टाटा स्टील खेल विभाग की ओर से विभिन्न डिजीजन और ग्रुप कंपनीयों के कर्मचारियों के लिए जे आर डी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंटर डिविजिनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें तार कंपनी की टीम में भी भाग लिया।



## इंटर डिविजनल बैडमिंटन प्रतियोगिता



टाटा स्टील खेल विभाग की ओर से विभिन्न डिवीजन और ग्रुप कंपनी के कर्मचारियों के लिए जे.आर.डी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटर डिवीजनल बैडमिंटन प्रतियो. गिता में तार कंपनी की टीम में भी भाग लिया। इस चैंपियनशिप में देश के कई स्थानों से टाटा स्टील के कई विभागों और ग्रुप कंपनियों के 20 टीमों की भागीदारी हुई।



## एथलेटिक्स प्रतियोगिता



जे.आर.डी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टाटा स्टील खेल विभाग के सहयोग से अपने कंपनी में कार्यरत ट्रांसजेंडरो के लिए एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें मुख्यत: 100 मीटर की दौड़ और लंबी कूद की प्रतियोगिता रखी गयी थी।

100 मीटर की प्रतियोगिता में हरीश को प्रथम ,जरिया को द्वितीय और सूरज को तृतीय स्थ.न प्राप्त हुआ। जबकि लम्बी कूद प्रतिस्पर्धा में हरीश प्रथम,त्रिलोचन द्वितीय तथा बीनसेन और फहद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। हरीश को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित किया गया।

इस खेल के सभी प्रतिभागियों को ओलिंपियन आनंद मेनेजेस और अंतर्राष्ट्रीय एथलीट सरोज लकड़ा द्वारा किया व्यक्तिगत उपहार और विजेताओ को मैडल देकर सम्मानित किया गया।



## डिविजनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता



टाटा स्टील खेल विभाग की ओर से विभिन्न डिवीजन और ग्रुप कंपनी के कर्मचारियों के लिए जे आर डी टाटा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में आयोजित इंटर डिविजनल बास्केट बॉल प्रतियोगिता में तार कंपनी की टीम ने भी भाग लिया।



## टेबल टेनिस प्रतियोगिता

टेबल टेनिस प्रतियोगिता कंपनी के हेल्थ क्लब में पुरूष कर्मचारियों के लिए आयोजित की गयी। इस चौंपियनशिप में कुल 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

फाइनल में सौमेंदु रॉय ने त्रिपुरारी शंकर को 2– 1 सेट से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हरा कर चौंपियन बने। सौमेंदु रॉय ने यह लगातार पांचवा साल खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान पर सन्तु सिंघा रहे वही चन्दन कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि कंपनी के महा प्रबंधक इंटरनल ऑडिट व हेल्थ क्लब के सचिव श्री चन्दन बनर्जी ने विजेताओ को पुरस्कृत किया।



## बार्षिक जमशेदपुर रन

टाटा स्टील द्वारा वार्षिक जमशेदपुर रन का आयोजन किया गया।

इसमें आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल कर्मचारी और परिवार के 120 सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।कंपनी के प्रबंध निदेशक,प्रबंधन और यूनियन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय थी।



# आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल दिवस

20 दिसंबर 2022 को आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल दिवस मनाया गया । इस बार आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल दिवस के उपलक्ष्य में निम्न गतिविधियों का आयोजन किया :

- मिनी मैराथन
- टैलेंट शो
- ड्राइंग कम्पटीशन
- डोनेशन वीक










# कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी

## शिक्षा

### जागरूकता सत्रः

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल के सेफ्टी विभाग द्वारा के.जी.बी.वी मुसाबनी एवं घाटशिला में सड़क और अग्नि सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमे आई.एस.डब्ल्यू.पी एल से श्री सुजीत कुमार दास एवं श्री जय प्रकाश द्वारा छात्रों को सड़क एवं अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी जानकारियों से अवगत कराया गया ।





### बांस कला प्रशिक्षण

बहरागोड़ा स्थित के.जी. बी.वी, डुमरिया में बांस कला प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसमे छात्रों को बांस की सामग्री को बनाने की कला सिखाई गई ।





### शिक्षण प्रविधि को बेहतर बनाने सम्बंधित ट्रेनिंग कार्यक्रम

ट्राइबल कल्चर सेंटर, सोनारी में के.जी.बी.वी पूर्वी सिंहभूम के नए शामिल होने वाले शिक्षकों के लिए आई.एस.डब्ल्यू.पी और इंडिया लिटरेसी प्रोजेक्ट, बैंगलोर टीम द्वारा 10 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे इंग्लिश भाषा एवं कंप्यूटर की शिक्षण प्रविधि संबधित जानकारी दी गई।



### शिक्षा उत्कृष्टता विकास जागरूकता सत्र :

एक्स नवोदय फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा के.जी.बी.वी के छात्रों के लिए स्टूडेंट्स एजुकेशन एक्सीलेंस डेवलपमेंट अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया।



## करियर काउंसलिंग

आई.डी.टी.आर द्वारा के.जी.बी.वी सुंदरनगर के छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग किया गया जिसमे टेक्निकल शिक्षा के महत्व एवं उससे भविष्य में रोजगार के अवसर से सम्बंधित जानकारी से अवगत कराया गया ।



## बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग

टाटा स्टील फाउंडेशन ने के.जी.बी.वी (पोटका, जमशेदपुर, मुसाबनी, चाकुलिया, बहरागोड़ा, धालभूमघर) का दौरा किया और छात्रों को बुनियादी जीवन समर्थन (बी.एल.एस) पर प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमे 745 छात्र लाभान्वित हुए। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों के बीच बुनियादी जीवन समर्थन (बीएलएस) के ज्ञान का मूल्यांकन करना था।



## न्यूट्रिशनल फार्मिंग ट्रेनिंग

पूर्वी सिंहभूम में स्थित के.जी.बी.वी के 5 सेंटरों (घाटशिला, पटमदा, चाकुलिया, धालभुमगर और बहरागोड़ा) में न्यूट्रिशनल फार्मिंग पोषाहार पर प्रशिक्षण आरम्भ की गई । जिसमे छात्रों को पौष्टिक साग–सब्जियां उगने एवं उसकी देखभाल की प्रक्रिया सम्बंधित जानकारियां दी गई।



# सेवा

आई.एस.डब्ल्यू.पी द्वारा बर्मामाइंस स्थित लेप्रोसी सेंटर हिंद आश्रम में खाद्य सामग्री देकर सहयोग प्रदान किया गया।





इंडिया लिटरेसी प्रोजेक्ट द्वारा के.जी.बी.वी के 10 सेंटरों में कुल 110 कंप्यूटर उपलब्ध कराये गए, जो छात्रों को कंप्यूटर की अच्छी ट्रेनिंग में सहयोग प्राप्त हो रहा है ।

आई.एस.डब्ल्यू.पी के सभी 9 के.जी.बी.वी को जे.बी.ए.वी और शिक्षित विज्ञान शिक्षकों को 20 आई.एल.पी विज्ञान प्रयोग किट प्रदान किए गए ।



# यूथ इंगेजमेंट

## इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कार्निवाल

जे.आर.डी टाटा आर्चरी ग्राउंड में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कार्निवाल का आयोजन किया गया जिसमें ईस्ट सिंघभूम के कुल 25 स्कूलों के 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया । आई.एस.डब्ल्यू.पी के 5 तीरंदाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक हासिल किए।



## इंटर-सेंटर तीरंदाजी टूर्नामेंट



सर दोराबजी टाटा के जयंती के अवसर आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स ग्राउंड में इंटर–सेंटर तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 7 सेन्टर के कुल 205 तीरंदाजों ने भाग लिया ।

## बास्केटबॉल चौंपियनशिप में उपविजेता का खिताब

धतकीडीह सामुदायिक केंद्र में अंडर–16 यूथ स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें आई.एस.डब्ल्यू.पी की बास्केटबॉल टीम ने भाग लिया एवं उपविजेता बनी ।



आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के कोच श्री सुशांतो पात्रो 1 नवंबर 2022 से पणजी, गोवा में आयोजित होने वाली (42वीं NTPC जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप) में झारखंड तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व किये ।



पणजी, गोवा में आयोजित होने वाली '42वीं एन.टी.पी.सी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप' के लिए आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के 3 तीरंदाजों का चयन हुआ



शानिया शर्मा



राज चाटर



प्रिय माहली

जे.आर.डी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित खेलो झारखंड 2022–23 जिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में आई.एस.डब्ल्यू.पी के तीरंदाजों ने भाग लिया एवं पदक जीते।



चित्ता मुर्मू (KGBV पोटका)
गोल्ड पदक –1



खुकुमानि पॉल (KGBV घाटशिला)
सिल्वर पदक–1



सित्ते पूर्ति (KGBV मुसाबनी)
ब्रोंज पदक–

कोल्हान यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन तीरंदाजी अकादमी दुगनी में किया गया।



मेघा बेसरा
गोल्ड पदक 1 एवं ब्रोंज पदक 2



निर्मला महतो
सिल्वर पदक 3



सानिया शर्मा
ब्रोंज पदक 3

केजीबीवी, सुंदरनगर, घाटशिला और मुसाबनी में तीरंदाजी प्रशिक्षण आरम्भ किया गया।





आरा, बिहार में सी.बी.एस.ई पूर्वी जोनल तीरंदाजी टूर्नामेंट आयोजित किया गया।



सुखराज कौर
ब्रोंज पदक 2



राज चातर
गोल्ड पदक 3

## लाइवलीहुड एनहांसमेंट

के.जी.बी.वी, पोटका से पासआउट 10 छात्रों को आई.डी.टी.आर में आई.टी.आई कोर्स के लिए चयनित किया गया है ।



सरती टुडू



मालवती हेम्ब्रम



रतनी रजक



बुधनी सरदार



पियो सबर



अंजलि पूरन



माया मुर्मू



मोनिका मुर्मू



बुल्टी शीत



पूनम माझी

प्रोजेक्ट RAAH के तहत ITI पूरा होने के बाद KGBV, पोटका के 6 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ



चिता महली
मल्टीटेक ऑटो पी.एल



मंजू गोपी
वेबको इंडिया एल



पूर्णिमा बास्के
वेबको इंडिया एल



सोनाली मुर्मू
वेबको इंडिया एल



गंगा सरदार
वेबको इंडिया एल



सकरो मार्डी
वेबको इंडिया एल

## कला प्रदर्शन - ज्ञानोदय नोबल अकादमी

ज्ञानोदय नोबल अकादमी द्वारा एक्सिबिशन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यालय के बच्चों की कला को सबके समक्ष प्रदर्शित कर उन्हें प्रोत्साहित करना । प्रदर्शनी कार्यक्रम में श्रीमती रूचि नरेंद्रन, श्रीमती जे.जे ईरानी, जुस्को के प्रबंध निदेशक तरुण डागा, यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय उपस्थित थे ।



## हेल्थ एण्ड हाइजिन

के.जी.बी.वी, पोटका और ज्ञानोदय विद्यालय जेम्को में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कुल 390 छात्रों का स्वास्थ जाँच किया गया ।






## बाल दिवस- ज्ञानोदय विद्यालय, जेम्को

14 नवंबर 2022 को बाल दिवस के उपलक्ष्य में आई.एस.डब्ल्यू.पी की एच.आर विभाग की टीम द्वारा ज्ञानोदय विद्यालय जेम्को क छात्रों के लिए बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई.एस.डब्ल्यू.पी के विभिन्न विभागों के सदस्यों ने स्कूली छात्रों के साथ समय व्यतीत किया।





## आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल में नए सदस्यों का स्वागत


अदिति शर्मा


पी महर्षि रेड्डी


दीपांशु


अंजलि रॉय


मयूर भरद्वाज


शशि कांत शर्मा


कोमल अग्रवाल


मुहम्मद शहरयार


अरिजीत चक्रबोर्ती


रितेश राज


शालू सिंह


आर कमला

## सेवानिवृति


मोहन लाल


अनूप कुमार सिंहा


दलजीत कौर


प्रेमचंद शर्मा


कमला कांता बोस


तरुण कुमार भौमिक

## श्रद्धांजलि

आई.एस.डब्ल्यू.पी एल में कार्यरत श्री मनोज कुमार का निधन 24 नवंबर 2022 को हो गया। हम शोक व्यक्त करते हुए, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते है ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें ।

